## महत्वपूर्ण एवं खास

### हड़ताल में जूनियर डॉक्टरों का अनूठा प्रदर्शन, आरती के जरिये सरकार तक पहुंचा रहे अपनी मांग

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जूनियर डॉक्टर्स स्टाइपेंड की मांग को लेकर पिछले पांच दिनों से हड़ताल पर हैं. रायपुर के भीमराव अंबेडकर अस्पताल के परिसर में जूनियर डॉक्टर्स प्रदर्शन कर रहे हैं. जूडो के हड़ताल से इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही है. वहीं हड़ताल के पांचवे दिन अनूठा प्रदर्शन कर रहे है. आरती और धूप दीप के साथ सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे है। रायपुर के अंबेडकर अस्पताल के बाहर जूनियर डॉक्टर्स स्टाइपेंड की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं. हड़ताल से इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही है. आज जूडो नुक्कड़ नाटक, संस्कृति कार्यक्रम और रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे. इसमें प्रदेश के अन्य जिलों के जुनियर डॉक्टर भी शामिल होकर सहभागिता निभायेंगे। बता दें कि प्रदेशभर के जूनियर डॉक्टर्स स्टाइपेंड की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं. बीते 6 वर्षों में वेतन बढ़ोतरी ना होने की वजह से जूडो ने यह कदम उठाया है।

### बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को आजीवन कारावास

**कोरबा (आरएनएस)।** नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने वाले पिता को कटघोरा न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. पिता ने 5 महीने तक पाली व बिलासपुर के मकान में अपनी ही नाबालिग पुत्री को डरा धमका कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। बड़ी बहन और मां ने घटना की जानकारी होने पर पाली थाने में मामला दर्ज कराया था. धारा 376 व पाक्सो एक्ट के तहत पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. आज पीड़िता के अधिवक्ता की पैरवी पर कटघोरा व्यवहार न्यायालय की सत्र न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### 22 लाख से अधिक का माल लेकर ट्रक चालक फरार

**रायपुर (आरएनएस)।** अल्ट्रा एल्यूमिनियम प्राइवेट लिमिटेउ उरला से 22 लाख से अधिक का माल लेकर रवाना हुआ ट्रक के चालक ने माल लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज तिवारी 58 वर्ष अल्ट्रा एल्यूमिनियम प्राइवेट लिमिटेड में कर्मचारी है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि ट्रक क्रमांक सीजी 07 एएक्स 3849 के चालक रणविजय सिंह 48 वर्ष ने प्रार्थी के कंपनी से 144 बंटल एल्यूमिनियम लेकर सिलिगुड़ी सुप्रिम ट्रेडिंग के लिए रवाना हुआ था। जो अब तक अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचा। वहीं संपर्क करने पर उससे संपर्क भी नहीं हो पाया। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत उरला थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 407 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवती को दी जान से मारने की धमकी

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम अछोली में दो युवकों ने जबरन घर में घुसकर युवती से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जूहि कुमारी 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शिवचंद तिवारी व एक अन्य ने जबरन प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 451, 294, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर (आरएनएस)।** इंद्रप्रस्थ कालोनी फेस 2 स्थित पान दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनय तिवारी 38 वर्ष सत्यम विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवी 0430 को इंद्रप्रस्थ कालोनी फेस 2 स्थित पान दुकान के सामने खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक कीर कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बारिश में लबालब हो रहे गर्मियों में खुदवाए 200 तालाब

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर शुरू मुहिम के दिख रहे सकारात्मक परिणाम
- तालाबों की हुई साफ.-सफाई, गहराई व क्षेत्रफल बढ़ा, जिससे एक तालाब में ही हर साल बारिश का 1 करोड़ लीटर अधिक पानी होगा स्टोर
- गांव वालों ने कहा कइयों सालों से जमा मलमा हटा, ग्राउंड वाटर हो रहा रिचार्ज





**रायगढ़।** जिले में जल संरक्षण की दिशा में इस वर्ष ऐतिहासिक कार्य हुआ है, बारिश के करोड़ों लीटर पानी को सहेजने जिले में करीब 200 तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। गर्मियों में खुदवाए गए ये तालाब अब बारिश में लबालब हो रहे हैं।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में जल संरक्षण की दिशा में बारिश के पानी को सहेजने जिले के अलग-अलग तालाबों के साफ -सफाई और गहरीकरण का काम किया गया है। विभागीय योजना के साथ सीएसआर से भी काम कराया गया। अमृत सरोवर की खुदाई मनरेगा से की गई, वहीं जिले के विभिन्न उद्योगों को सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अलग-अलग तालाबों को संवारने का जिम्मा दिया गया। डीएमएफ से भी राशि जारी की गई है। तालाबों में जमी गाद और कचरे को साफ किया गया। जिससे तालाब की गहराई में 3 से 6 फीट की वृद्धि हुई और क्षेत्रफल भी बढ़ा। परिणामस्वरूप एक तालाब में ही बारिश का लगभग 1 करोड़ लीटर तक ज्यादा पानी संचित हो सकेगा।

तालाब ग्रामीण जन जीवन और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महती भूमिका निभाते हैं। आज जब गर्मी की चपेट में आकर जल स्त्रोतों के सूखने को घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसे समय में रायगढ़ जिले में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में यह एक बेहद महत्वपूर्ण पहल है। इसके अंतर्गत गांवों में ऐसे तालाब जिनके अस्तित्व सिमटते जा रहे थे उन्हें सहेजने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं।

**गांव वालों ने कहा कइयों सालों से जमा मलमा हटा, भू-जल भी बढ़ रहा**

तालाबों की सफाई और गहरीकरण से गांवों के लोगों में भी काफी हर्ष है। बनसिया गांव के सरपंच मनोहर पटेल ने बताया कि उनके गांव के तालाब में 4 एकड़ का तालाब है जिसका गहरीकरण इन गर्मियों में किया गया है। यहां सालों से जमा मलमा निकाला गया। जिससे तालाब की गहराई बढ़ी, पानी जमा होने का क्षेत्र भी बढ़ गया है। उन्होंने इसके लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए उम्मीद जताई कि अब गर्मियों में भी निस्तार के लिए यहां से पानी मिलेगा। रेंगालपाली के सरपंच राकेश साव ने बताया कि उनके गांव में भी तालाब गहरीकरण किया गया है। जिससे पूरे गांव को निस्तार के लिए पानी मिल रहा है। तालाब की गहराई बढने से ग्राउंड वाटर रिचार्ज में भी फायदा दिख रहा है। तालाब के पास के खेतों में लगे ट्यूबवेल में पानी की मात्रा बढ़ी है। तालाब के पास जिनके खेत हैं वे किसान सीधे तौर पर इससे लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही मेढ़ की चौड़ाई भी लगभग 8 फीट तक बढ़ गई है। जिससे तालाब में पानी स्टोर होने और निस्तार के लिए आने जाने में सहूलियत हो रही है।

**साफ -सफाई के साथ बढ़ी सुंदरता**

गहरीकरण और साफ -सफाई से तालाब और आस-पास की सुंदरता बढ़ेगी। विभिन्न स्थानों में पिचिंग का काम किया गया है। तालाब के मेढ़ की चौड़ाई भी बढ़ी है। यहां पौधारोपण भी किया जा रहा है। कई तालाबों में किनारों पर पेवर ब्लॉक्स भी लगाए जा रहे हैं। इन सब से तालाब की खूबसूरती भी बढ़ी है।

**भू-जल बढने के साथ रोजगार के मौके भी बनेंगे**

तालाबों के जीर्णोद्धार से यहां करीब 1 करोड़ लीटर तक बारिश का पानी ज्यादा स्टोर होगा। जिससे आस-पास के लगभग 20 से 25 एकड़ में भू-जल स्तर बढ़ेगा। सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी। मछली पालन जैसे आजीविका के काम किए जा सकेंगे। सब्जी उत्पादन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## अमानक नमूने वाले खाद-बीज के लॉट के विक्रय पर प्रतिबंध : विक्रेता संस्थानों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा राज्य में रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं कीटनाशक औषधि की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में लगातार दबिश देकर बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। खरीफ सीजन 2023 में अब तक राज्य में बीज के 89 नमूने तथा रासायनिक उर्वरक के 25 नमूने अमानक पाए गए हैं, जिनके लाट के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के साथ ही संबंधित फर्मों को कृषि विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

अपर संचालक कृषि (उर्वरक) एस.सी. पदम ने बताया कि खरीफ सीजन 2023 में बीज के 5000, उर्वरक के 3500 तथा पौध संरक्षण औषधि के 556 नमूने लिए जाने का लक्ष्य है। विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा अब तक बीज के 3958 नमूने लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला भेजकर परीक्षण कराया गया है। परीक्षण में 3762 नमूने मानक स्तर के तथा 89 अमानक स्तर के पाए गए हैं, जबकि 107 नमूने अभी परीक्षण की प्रक्रिया में हैं।

इसी तरह रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच-पड़ताल के लिए कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा 3006 नमूने विभिन्न संस्थानों से एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं, अभी तक प्राप्त रिपोर्ट में 1267 नमूने मानक स्तर के तथा 25 नमूने अमानक स्तर के मिले हैं। 1566 नमूने अभी जांच की प्रक्रिया में हैं, जबकि 148 नमूने कतिपय कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं। अमानक बीज एवं खाद के लाट के विक्रय को विभाग द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के साथ संबंधित संस्थाओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग की टीम कीटनाशक औषधियों के गुणवत्ता की भी लगातार जांच कर रही है। जांच पड़ताल टीम ने अब तक कुल 84 सेम्पल विभिन्न फर्मों से लिए हैं, जिसमें से 30 सैम्पल मानक स्तर के और 3 अमानक पाए गए हैं। 37 सैंपल अभी जांच की प्रक्रिया में हैं, जबकि 14 सैंपल कतिपय कारणों से निरस्त हुए हैं।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ी घोषणा : नायब तहसीलदार भी अब कहलाएंगे राजपत्रित अधिकारी

- प्रशासन के महत्वपूर्ण अंग हैं कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारीः मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री बघेल कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांतीय सम्मेलन में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी घोषणा करते हुए नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित पद का दर्जा दे दिया है। मुख्यमंत्री बघेल ने कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा 'कृषि एवं प्रदेश के किसानों के विकास में राजस्व विभाग का योगदान' थीम पर आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में यह घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में "भुइंया के मितान" स्मारिका का भी विमोचन किया। सम्मेलन में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की प्रमोशन संबंधी मांग पर मुख्यमंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि अधिकारियों का समय पर प्रमोशन जरूर होगा।

मुख्यमंत्री ने कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों कर्मचारियों के जिम्मेदारियों की बात करते हुए कहा कि आप सभी प्रशासन के महत्वपूर्ण अंग हैं और आपको बहुत सारे विविधतापूर्ण कार्य करने होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व अधिकारियों ने कोविड आपदा के समय महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने और लोगों को सहायता पहुंचाने का काम किया था जिसकी वजह से पूरे देश में छत्तीसगढ़ की सराहना हुई।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि बिना किसी शिकायत के पूरे प्रदेश में डेढ़ लाख एकड़ भूमि गौठानों के लिए आरक्षित की गई। यह काम कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों कर्मचारियों के कार्य के प्रति समर्पण को दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में कसावट और जनता की सेवा करने के जज्बे की वजह से आज सुकमा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में भी जाति प्रमाण पत्र, नामांतरण और बंटवारा प्रमाण पत्र लोगों को उनके घर जाकर दिया जा रहा है।

सम्मेलन में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने नए तहसीलों और अनुविभाग की मांग की जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा किया। आम लोगों को सहूलियत हो और सरकार लोगों तक पहुंचे इसके लिए नए जिलों की स्थापना की गयी है।

मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में सिर्फ तहलीदार ही एक ऐसा पद है जो भारत ही नहीं बल्कि अन्य पड़ोसी देशों में भी इसी नाम से जाना जाता है। अतः जितना बड़ा इस पद का नाम है उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है जिसे अच्छी तरह से निभाना आप सभी की जिम्मेदारी है।

राज्य स्तरीय प्रांतीय सम्मेलन में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की तरफ से प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे, सचिव विक्रांत सिंह राठौर, प्रवक्ता शशिभूषण सोनी समेत राज्य भर से आए तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 14 ट्रेनें 10 अगस्त तक रहेंगी रद्द

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ से यात्रा करने वाले यात्रियों को एक बार फिर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे ने छत्तीसगढ़ से चलने वाली 14 ट्रेनों को फिर से रद्द कर दिया है। रेलवे के मुताबिक ट्रैक रखरखाव और सुरक्षा कारणों के चलते गाडिय़ों को रद्द किया गया है।



इस काम के चलते 6 से 10 अगस्त तक बिलासपुर-रायगढ़ के साथ ही कोरबा, रायपुर और गोंदिया (महाराष्ट्र) तक चलने वाली ट्रेनें नहीं चलेंगी। रेल प्रशासन की ओर से बताया गया है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के उन्नयन, समय की पाबंदी और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार करने के 14 लोकल और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है।

- 6 से 9 अगस्त तक बिलासपुर एवं रायगढ़ से चलने वाली 08738/08737 बिलासपुर-रायगढ़- बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 से 9 अगस्त तक रायपुर चलने वाली 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 7 से 10 अगस्त तक गेवरा रोड चलने वाली 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 से 9 अगस्त तक रायपुर एवं दुर्ग चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 से 9 अगस्त तक रायपुर चलने वाली 08729 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 7 से 10 अगस्त तक डोगरगढ़ चलने वाली 08730 डोगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 से 9 अगस्त तक गोंदिया एवं कटंगी चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 से 9 अगस्त तक गोंदिया चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 7 से 10 अगस्त तक कटंगी चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 से 9 अगस्त तक बिलासपुर एवं शहडोल चलने वाली 08740/08739 बिलासपुर -शहडोल -बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 से 9 अगस्त तक इतवारी एवं बालाघाट चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल गोंदिया एवं बालाघाट के बीच रद्द रहेगी।

**चार से 27 अगस्त तक 25 दिन के लिए कैंसिल है छह ट्रेनें**

ट्रेन कैंसल इससे पहले पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के रीवा स्टेशन में नई लाइन कमीशनिंग, प्लेटफार्म लाइन और पिट लाइन कनेक्टिविटी का काम किया जाएगा। यह काम तीन अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा, जिसके के कारण रेलवे ने इस रूट की छह ट्रेनों को 23 दिनों के लिए कैंसिल कर दिया है।

## चेकिंग दौरान ढाबा के समाने महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, घरघोडा पुलिस की कार्यवाई



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर होटल ढाबा चेकिंग दौरान कल दिनांक 05.08.2023 को मुखबीर सूचना पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा ग्राम बैहामुडा मेन रोड किनारे नैना ढाबा चेकिंग के लिए पहुंची। ढाबा का संचालक अमृत लाल चौहान अपने ढाबा के सामने मेन रोड किनारे महुआ शराब की अवैध बिक्री के लिए खड़ा मिला जिसके पास एक प्लास्टिक बोरी के अंदर में 20 नग प्लास्टिक के पैकेट जिसमें प्रति प्लास्टिक के पैकेट में लगभग 500ML कच्ची महुआ शराब भरा हुआ जुमला कच्ची महुआ शराब 10 लीटर कीमती लगभग 1000/ रू रखे हुये मिला। ढाबा संचालक अवैध रूप से शराब बिक्री करना पाए जाने पर आरोपी अमृत लाल चौहान पिता जनक राम चौहान उम्र 30 साल साकिन बैहामुडा थाना घरघोडा जिला रायगढ छ.ग. पर थाना घरघोड़ा में आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा, सउनि विल्फ्रेड मसीह, प्रधान आरक्षक राकेश राठौर, आरक्षक उद्यो पटेल, कन्हैया भगत महिला आरक्षक पंकजनी गुप्ता शामिल रहे।

## नवा रायपुर में 'वर्ल्ड क्लास सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना के लिए आईसीएआई को दी जाएगी पांच एकड़ जमीन : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन "उत्कर्ष" को सम्बोधित किया
- तेजी से बढ़ते छत्तीसगढ़ राज्य में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए व्यापक संभावनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में कॉमर्स स्ट्रीम के छात्रों के लिए 'वर्ल्ड क्लास सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना के लिए 'द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' को पांच एकड़ जमीन देने की घोषणा की है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना आईसीएआई द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आईसीएआई के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन ''उत्कर्ष'' के दूसरे दिन अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए यह घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी राज्य और देश की आर्थिक प्रगति में चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स का महत्वपूर्ण योगदान होता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट व्यापार, व्यवसाय और उद्योग के आईने की तरह होते हैं, जो उनकी वास्तविक आर्थिक स्थिति को दिखाने का काम करते हैं और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मार्गदर्शन देकर अपना योगदान देते हैं। अधिवेशन के दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की प्रगति के लिए उसके लिए अच्छा वातावरण तैयार करने की जरूरत होती है। आईसीएआई नवा रायपुर में वर्ल्ड क्लास इंस्टिट्यूट बनाना चाहता है, इसके लिए राज्य सरकार जमीन देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजी से आगे बढ़ते छत्तीसगढ़ राज्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए अच्छी संभावनाएं हैं। राज्य सरकार की नीतियों से छत्तीसगढ़ में पिछले पौने पांच वर्षों में कृषि, उद्योग, व्यापार के क्षेत्र में उत्साहजनक वातावरण निर्मित हुआ है। राज्य सरकार की नई उद्योग नीति से नए-नए उद्योग धंधे प्रारंभ हुए हैं। खेती-किसानी आज छत्तीसगढ़ में लाभ का व्यवसाय बन गया है। पिछले पौने पांच वर्षों में प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या 12 लाख से बढ़कर 26 लाख हो चुकी है। खेती का रकबा 22 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 32 लाख हेक्टेयर हो गया है। समर्थन मूल्य पर पहले जहां 55 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी होती थी, वहीं इस वर्ष हमने 107 लाख मेट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह स्वास्थ और शिक्षा के क्षेत्र में भी राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के हर संभव प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिजली की खपत सबसे ज्यादा है, यहां 2200 यूनिट प्रति व्यक्ति बिजली क बिजली की खपत हो रही है। बिजली की मांग 4100 मेगावाट से बढ़कर 5800 मेगावाट हो गई है। बिजली की खपत में बढ़ोत्तरी छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति का द्योतक है। कोरोना काल में जब सभी जगह आर्थिक मंदी का प्रभाव था, छत्तीसगढ़ इससे अछूता रहा। उद्योग, व्यापार सहित सभी सेक्टरों में उन्नति हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि राज्य के लोगों के चेहरे की मुस्कान है। लोगों के सपनों को उड़ान देने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। राज्य सरकार इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यापार और व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के लिए नवा रायपुर में 1000 एकड़ में एशिया के सबसे बड़े होल सेल मार्केट की स्थापना की जाएगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के प्रथम एक्टिंग मुख्य न्यायाधीश तथा गौहाटी हाइकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रमेश सूरजमल गर्ग, आईसीएआई के वाइस प्रेसीडेंट रंजीत कुमार अग्रवाल, लल्लूराम न्यूज़ के फाउंडर नमित जैन तथा सेंटर कॉउंसिल के मेंबर्स विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा प्रकाशित पत्रिका का विमोचन किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480